# घरेलू गैस सिलेंडर बुकिंग के नंबर बंद, ग्राहक परेशान

- कमर्शियल के बंद होने से होटल व्यवसाय संकट में
- चाय नास्ते के छोटे कारोबारी प्रभावित

■ होटल रेस्टोरेंट एसोसिएशन ने कलेक्टर को दिया ज्ञापन ■ भोपाल में 32 सौ मीट्रिक टन गैस का भंडार है : आपूर्ति अधिकारी



नवभारत संवाददाता

**भोपाल, 12 मार्च. राजधानी में गैस सिलेंडरों की समस्या दिनों दिन बढ़ती जा रही है. गुरुवार को शहर जहां घरेलू सिलेंडर बुक करने के लिए उपभोक्ता परेशान होते रहे. वहीं कॉमर्शियल सिलेंडर की किल्लत से होटल व्यवसाय से जुड़े कारोबारी परेशान होते दिखाई दिए. गैस सिलेंडर की समस्या को देखते हुए इलेक्ट्रिक इंडक्शन की तरफ भी लोगों के रुझान देखे गए. भोपाल जहां प्रदेश की राजधानी है वहीं यह पर्यटक स्थल भी है. यहां पर प्रतिदिन हजारों की संख्या में अन्य जिलों और राज्यों से घूमने आते हैं. जो होटलों में ही खाना खाते हैं. अगर इसी तरह से गैस की किल्लत रही तो पर्यटन से जुड़े स्थल पर होटल व्यवसाय और रेस्टोरेंट बुरी तरह से प्रभावित होंगे.**

जिला आपूर्ति अधिकारी जादौन ने बताया कि राजधानी में 38 गैस एजेंसियां हैं. डोमेस्टिक गैस का आठ दिन के लिए भंडार है. जिले में प्रतिदिन लगभग 400 मीट्रिक टन गैस की खपत होती है. प्रशासन के पास वर्तमान में 32 सौ मीट्रिक टन गैस का भंडार है, जो कि आठ दिन तक किसी भी तरह की समस्या नहीं आएगी. प्रतिदिन गैस की आवक हो रही है. होटल व्यवसासियों को बता दिया गया है कि वह अपनी अन्य व्यवस्था करें. जैसे इन्फ्रोरेड इंडक्शन गैस भट्टी जो कि बड़े शहरों के होटलों में उपयोग किया जाता है. यह फिर इलेक्ट्रॉनिक भट्टी का इंतजाम करें. पहली प्राथमिकता घरेलू उपभोक्ता की पूर्ति है. शैक्षणिक संस्थान, हॉस्टल, अस्पताल, आर्मी, पुलिस कैंटीन के लिए गैस की आपूर्ति जारी रहेगी.

जिला आपूर्ति अधिकारी जादौन ने बताया कि भोपाल जिले में 191 पेट्रोल पंप संचालित हैं. सभी अपनी खपत के आधार पर टैंकर बुलवाते हैं. पेट्रोल के टैंकर कम ज्यादा आते रहते हैं. इसके स्टॉक की जानकारी पेट्रोल पंप पर ही होगी. लेकिन किसी भी तरह की कमी नहीं है.

कमर्शियल गैस सिलेंडर की बिक्री पर सरकार के द्वारा प्रतिबंध किए जाने से जहां पर बड़े होटल रेस्टोरेंट में समस्या खड़ी हो रही है. वहीं शहर में हजारों की तादाद में हाथ ठेलों और गुमटियों से चाय नास्ता और खाने की बिक्री की जाती है. इनके पास ना तो बिजली के कनेक्शन भी नहीं है. यह सभी बंद होने की कगार पर हैं.

### नहीं हो रहे बुक गैस सिलेंडर

जीटीबी कॉम्पलेक्स स्थित स्थित एचपी की एजेंसी बुक एन कुक पर उपभोक्ता परेशान दिखाई दिए. अधिकतर उपभोक्ता एजेंसी द्वारा बुकिंग के लिए जारी नंबर पर बुक ना होने की शिकायत लेकर पहुंच रहे थे. इस समस्या को लेकर 74 बंगला निवासी धीरज वर्मा ने बताया कि ऑनलाइन सिलेंडर बुक नहीं हो रहा है. करोंद क्षेत्र के विश्वकर्मा नगर में रहने वाले डीएन पांडे ने भी गैस सिलेंडर बुकिंग वाला नंबर बंद होने की बात कही. संत आशाराम नगर के अलकृत दुबे ने बताया कि नारायण नगर में विनायक संस किंग के नाम से गैस एजेंसी है, जहां पर बुकिंग की कोई समस्या नहीं है.

### इनका कहना है

कलेक्टर को ज्ञापन दिया है, उनसे होटलों के लिए गैस सिलेंडर की समस्या को दूर करने की बात की है.

**तेजकुल पाल सिंह,** अध्यक्ष, भोपाल होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन

मैंने पेट्रोलियम मंत्री को पत्र लिखा है. गैस सिलेंडर की समस्या को जल्द हल किया जाए. वहीं होटल व्यवसायियों को भले ही पहले की अपेक्षा थोड़ा कम मात्रा में कमर्शियल सिलेंडर उपलब्ध कराए जाएं.

**गोविंद गोयल,** अध्यक्ष, भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स

कमर्शियल सिलेंडर पर तीन दिन के लिए रोक लगाई है. थिंक गैस एजेंसी की सप्लाई बढ़ाने का बोला है, पहले जो बुकिंग पर जल्द सिलेंडर मिल जाता था वह अब 25 दिन में मिलेगा. बुकिंग का सर्वर क्रैश हो गया था, जो अब शुरू हो गया है. बुकिंग की समस्या नहीं आएगी.

**सुमित कुमार पांडे,** आईएएस, अतिरिक्त कलेक्टर भोपाल

### दो हजार में भी नहीं मिल रहा सिलेंडर

जिला न्यायालय के बाहर डब्बू साहू चाय टी स्टाल चलाने वाले कमलेश साहू ने बताया कि कमर्शियल गैस सिलेंडर मिलना बंद हो गया तो हम घरेलू सिलेंडर से काम चला रहे हैं, लेकिन वह भी खत्म होने वाला है, ब्लैक में दो हजार रुपए में भी नहीं मिल रहा है. ऐसी स्थिति में हमारे लिए रोजी रोटी की समस्या खड़ी हो जाएगी. यह काम बंद करना पड़ेगा.



# पुलिस ने किया इललीगल गैंग का पर्दाफाश, 6 आरोपी गिरफ्तार

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 12 मार्च. शहर में पुलिस ने इललीगल गैंग का पर्दाफाश किया है. यह गिरोह शाहजहानाबाद, कोहेफिजा, बैरागढ़, गांधीनगर, श्यामला हिल्स सहित भोपाल के अन्य क्षेत्रों में सक्रिय था.**

भुरा हड्डी उर्फ आकाश नीलकंठ यह गैंग अपने साथियों के साथ चला रहा था. गैंग के लोग महिलाओं से जुड़े अपराध पर पुलिस की कार्रवाई का डर दिखाकर और वीडियो बनाकर पीड़ित युवक से लिए 50 हजार रुपये ऑनलाइन खाते में लिए थे. पीड़ित की शिकायत के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गिरोह के 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया. एक महिला सहित 8 आरोपी अभी फरार हैं, जिनकी तलाश में पुलिस जुटी है.

एडीसीपी मलकीत सिंह ने बताया कि 10 मार्च को फरियादी राकेश खेमरिया निवासी संजीव नगर निशातपुरा ने शिकायत की. बताया कि 8 मार्च को देर शाम उसके दोस्त आकाश उपाध्याय ने उसे अपने कमरे पर जैन नगर कोहेफिजा में बुलाया. आकाश ने राकेश को लालघाटी से एक लड़की को रिसीव कर साथ लाने की बोला. लड़की के साथ राकेश आकाश के घर पहुंचा, तभी वह कमरे से बाहर चला गया. राकेश ने पुलिस को बताया कि इस दौरान आकाश, तौफिक के साथ अन्य 7-8 लड़के आए. आरोपियों ने राकेश को उस लड़की के 2 दिन से गायब होने और बलात्कार का केस में आरोपी बताते हुए मारपीट की. आरोपी इसके बाद राकेश को लेकर वाजपेई नगर शाहजहानाबाद में स्थित तौफिक के फ्लैट पर लेकर पहुंचे, जहां फरियादी के साथ फिर मारपीट की गई.

# एलएलबी की छात्रा ने की खुदकुशी

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 12 मार्च. एलएलबी की छात्रा ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली. अयोध्या नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया. मौके पर पुलिस को सुसाइड बरामद नहीं हुआ. मर्ग कायम कर पुलिस जांच में जुट गई है.**

जानकारी के मुताबिक 17 वर्षीय छात्रा अंकिता थापा थाने के पास रहती थी. वह एलएलबी प्रथम वर्ष की पढ़ाई कर रही थी. परिजनों का कहना है कि बीते कुछ दिनों से उसके व्यवहार में बदलाव दिखा रहा था और वह पढ़ाई में मन नहीं लगने की भी बात बोलती थी. बुधवार को देर रात अंकिता ने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. अंकिता ने आत्महत्या किन कारणों से की, फिलहाल इसका खुलासा नहीं हो सका है. अयोध्या नगर थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है.

### पत्नी से नाराज होकर युवक ने की आत्महत्या

ईंटखेड़ी थाना इलाके में एक युवक ने अपनी पत्नी से नाराज होकर आत्महत्या कर ली. गुरुवार की सुबह युवक ने घर में ही फांसी लगा ली. युवक क्रेन ऑपरेटिंग का काम करता था. पुलिस को मौके पर सुसाइड नोट भी बरामद हुआ. पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी है. जानकारी के अनुसार केशव धानक (27) जगदीशपुर में रहता था. उसकी शादी 4 साल पहले कृष्णा नाम महिला के साथ हुई थी. केशव के परिजनों का आरोप है कि केशव और उसकी पत्नी के बीच लगातार विवाद होता था. बुधवार को भी दोनों के बीच विवाद हुआ था. केशव ने आत्महत्या करने से पहले मोबाइल पर अपनी पत्नी को मैसेज भेजकर जान देने की बात कही थी. कथित तौर पर बताया जा रहा है कि अपने मोबाइल में लिखे मैसेज में केशव ने पत्नी को ही अपने आत्महत्या का जिम्मेदार ठहराया है. आरोप है कि केशव ने कुछ महीने पहले अपनी पत्नी को किसी अन्य युवक से फोन पर बात करते हुए पकड़ा था. इस बात को लेकर दोनों के बीच लगातार विवाद चल रहा था. ईंटखेड़ी थाना पुलिस परिजनों के बयान के आधार पर जांच कर रही है.

# युवक पर बदमाशों ने किया जानलेवा हमला

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 12 मार्च. शाहजहांनाबाद थाना इलाके में बदमाशों ने एक युवक पर जानलेवा हमला कर दिया. घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है. मामले की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है.**



जानकारी के अनुसार घायल युवक का नाम अल्ताफ है. बुधवारा चौराहे पर अज्ञात बदमाशों ने अल्ताफ पर चाकू से कई बार वार करते हुए हमला किया. इस हमले से अल्ताफ को गंभीर घाव हो गए. अल्ताफ जब किसी काम से चौराहे पर गया था. तब कुछ बदमाशों ने बहस करते हुए उस पर हमला कर दिया. शाहजहांनाबाद पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है. घायल का इलाज जारी है.

# संघ ने आंदोलन का किया ऐलान

## राजधानी में लंबित मांगों को लेकर मंत्रालय संगठन लामबंद

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 12 मार्च. मध्यप्रदेश मंत्रालय में कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों की लंबे समय से लंबित मांगों को लेकर मंत्रालय सेवा अधिकारी-कर्मचारी संघ ने आंदोलन करने की घोषणा की है. संघ के अध्यक्ष सुधीर नायक ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि कर्मचारियों की कई न्यायोचित मांगें और समस्याएं वर्षों से लंबित हैं. कई बार ज्ञापन देने और अधिकारियों से चर्चा करने के बावजूद इनका निराकरण नहीं किया गया है.**



नायक ने कहा कि प्रदेश के अन्य विभागों के कर्मचारियों को चौथा समयमान वेतनमान पहले ही प्रदान किया जा चुका है, जबकि मंत्रालय के अधिकारी और कर्मचारी अब भी इससे वंचित हैं. उन्होंने बताया कि सामान्य प्रशासन विभाग ने 9 मार्च 2020 को निर्देश जारी कर राज्य प्रशासनिक सेवा की तर्ज पर समयमान वेतनमान के साथ उच्च पदनाम देने के आदेश दिए थे, लेकिन पांच वर्ष बीत जाने के बाद भी विभाग ने स्वयं ही इस आदेश को लागू नहीं किया है.

संघ ने कैशलेस स्वास्थ्य बीमा योजना लागू न होने, स्थायी कर्मियों को सातवां वेतनमान न मिलने तथा आउटसोर्स और आकस्मिक कर्मचारियों से जुड़ी समस्याओं का भी उल्लेख किया. संघ ने 19 सूत्रीय मांगपत्र को लेकर जल्द ही आंदोलन शुरू करने की घोषणा की है, जिसकी तिथियां शीघ्र घोषित की जाएगी.



# रंजीत, विंड्स एण्ड वेव, जहांनुमा और सयाजी भी कैचमेंट एरिया में

- टीटी नगर वृत्त के प्रेमपुरा और बोट क्लब पर किया सीमांकन

नवभारत संवाददाता

**भोपाल, 12 मार्च. राजधानी में बड़े तालाब के कैचमेंट के एरिया में सीमांकन का कार्य निरंतर जारी है. उसी क्रम में गुरुवार को टीटी नगर वृत्त के अधिकारियों ने सीमांकन और चिन्हांकन का कार्य किया. जिसकी शुरुआत बोट क्लब से शुरू की गई.**

यहां पर एफटीएल के लिए बोट क्लब पर बनी तालाब किनारे दीवार को चुना गया, उसके बाद वहां पर सबसे पहले लगभग 28 दुकानें जो की बोट क्लब के सामने मुख्य मार्ग किनारे पर बना रखी थीं, उनको जल्द हटाने के लिए कहा गया है.

उसके बाद वहीं पर स्थित जॉक रेस्टॉरेंट का सीमांकन करने के लिए पहुंचे. इस सीमांकन की प्रक्रिया में प्रेमपुरा क्षेत्र में जहांनुमा, सयाजी होटल, टयूरोक्लस और बोट क्लब के क्षेत्र में रंजीत, विंडसर वेव जैसे लगभग एक दर्जन होटल कैचमेंट में पाए गए हैं. इन सभी को नोटिस दिया जाने की कार्रवाई की जाएगी. इस कार्रवाई के दौरान एसडीएम अर्चना रावत शर्मा, तहसीलदार कुनाल राउत, नायब तहसीलदार सुनीता देहलवार, राजस्व निरीक्षक विवेक पंचोरे के साथ पटवारी और नगर निगम के बिल्डिंग परमिशन, झील संरक्षण के अधिकारी मौजूद रहे.

सीमांकन करने वाले कर्मचारियों ने बताया कि बोट क्लब के सामने जॉक रेस्टॉरेंट ने पहाड़ी को काटकर अंदर ही अंदर लगभग 70 फीट गहराई तक बना लिया है और अंदर अभी भी खुदाई की जा रही है. उक्त रेस्टॉरेंट संचालक से दस्तावेज मांगे गए जो वह दिखा नहीं पाया. उसको दस्तावेज ना होने की स्थिति में खाली करने के लिए कहा गया है. सीमांकन के दौरान होटल मालिकों ने एसडीएम और तहसीलदार से बात करना चाही, लेकिन दोनों अधिकारियों ने बात करने से साफ मना कर दिया और कहा कि अगर कोई दस्तावेज जो लीगल हों तो दिखाएं.

### 6 एंड्रायड स्मार्ट टीवी चोरी करने वाला गिरफ्तार

**भोपाल.** एमपी नगर थाना पुलिस ने 6 एंड्रायड स्मार्ट टीवी चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने आरोपी के पास से करीब एक लाख रुपये की चोरी की टीवी जब्त कर ली है. पुलिस के मुताबिक 10 मार्च को फरियादिया देवराज सूर्यवंशी (54) निवासी खजूरीकला ने रिपोर्ट दर्ज कराई. पुलिस को बताया कि अवधपुरी में उनके होटल में कमरों में कुल 6 ब्लैक कलर की एलईडी स्मार्ट टीवी चोरी हो गई. होटल में काम करने वाले आरोपी महेन्द्र सेन के खिलाफ देवराज ने शिकायत दर्ज कराई. पुलिस ने मामले को संज्ञान में लिया. एमपीनगर थाना पुलिस ने आरोपी महेन्द्र को गिरफ्तार किया और आरोपी के पास से चोरी का सामान जब्त किया.

# ज्योति टॉकीज के पास यातायात व्यवस्था अस्त-व्यस्त

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 12 मार्च. एमपी नगर में बोर्ड ऑफिस से ज्योति टॉकीज चौराहे की तरफ जाने वाला मार्ग तीसरे दिन भी बंद रहने के कारण आसपास के क्षेत्र में यातायात व्यवस्था यातायात दबाव वाले समय में बुरी तरह प्रभावित हुई. पीडब्ल्यूडी की तरफ से जारी निर्माण कार्य के चलते ज्योति टॉकीज चौराहे से बोर्ड ऑफिस चौराहे की तरफ आने वाले मार्ग पर इन दिनों देर शाम को ट्रैफिक का दबाव हर रोज बढ़ता जा रहा है और जाम की स्थिति भी बन रही है.**

इधर से गुजरने वाले वाहन शाम के समय रेंगते हुए ग्रीन सिग्नल तक पहुंच रहे हैं. शहर के बीचोंबीच स्थित इन चौराहों पर ट्रैफिक का दबाव हमेशा बना रहता है. एक तरफ का मार्ग बंद होने से कई बार चारपहिया और दोपहिया वाहन चालक रांग साइड से चलने का प्रयास कर रहे हैं. इस मार्ग से आवागमन करने वाले राहगीरों का कहना है कि इस क्षेत्र में पिछले तीन दिनों से उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. आईएसबीटी से न्यू मार्केट, जहांगीराबाद जाने वाले लोगों को आने-जाने में लंबा समय भी लग रहा है. शहर में व्यस्तम मार्ग में ट्रैफिक का दबाव बनने से दुकानदारों के व्यवसाथ में भी फर्क पड़ रहा है. एक दिन पहले ज्योति टॉकीज चौराहे के पास अंडर ग्राउंड दुकानों में निर्माण कार्य के दौरान सीवेज लाइन के फूट जाने से हुए जलभराव की समस्या से भी जुझना पड़ा.

### सड़क पर निर्माण कार्य जारी




ट्रैफिक समस्याओं को लेकर एसीपी जोन-2 का दावा है ट्रैफिक दबाव नहीं है. उन्होंने बताया कि पीडब्लूडी विभाग की तरफ से करीब एक माह का समय निर्माण कार्य को लेकर बताया गया है. इससे अनुमान लगाया जा रहा है कि लंबे समय तक ज्योति टॉकीज चौराहे पर चलने वाले निर्माण कार्य के चलते एमपी नगर से आवागमन करने वाले वाहन चालकों को ट्रैफिक से संबंधित समस्याओं से जूझना पड़ सकता है. बता दें कि निर्माण कार्य के चलते यातायात पुलिस ने तीन दिन पूर्व ही इस संबंध में एडवाइजरी जारी की थी. इस रूट से गुजरने वाली बसों का मार्ग भी परिवर्तित किया है.

### दुकानों का गिरा छज्जा, टला हादसा

**भोपाल, 12 मार्च.** जवाहर चौक में बड़ा हादसा होने से टल गया. यहां संचालित दुकानों के छज्जा अचानक गिर गए. इस हादसे में किसी भी व्यक्ति के चोटिल होने की जानकारी सामने नहीं आई है. हादसे की सूचना मिलने पर नेताओं ने भी घटना स्थल का दौरा कर व्यापारियों से बातचीत की. जानकारी के अनुसार जवाहर चौक में नगर निगम ने सालों पहले दुकानें बनवाई थी. दोपहर में 5 दुकानों के छज्जे अचानक से गिर गए. स्थिति को भांपते हुए दुकानदार समय से पहले बाहर आ गए थे, जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया. स्थानीय लोगों का कहना है कि निगम के अधिकारियों से जर्जर हुई दुकानों की मरम्मत की मांग लंबे समय से की जा रही है.

**आश्रितों को राहत** ▶ जल संसाधन मंत्री सिलावट ने अनुकंपा नियुक्ति पत्र किए वितरित

# कर्तव्यों का निर्वहन कर परिवार की देखभाल करें : मंत्री

**भोपाल, 12 मार्च. जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा है कि परिवार में मुखिया का चले जाना अत्यंत दुखद होता है, लेकिन इस दुख में मध्यप्रदेश सरकार पूरी तरह आपके साथ है. राज्य शासन की अनुकंपा नियुक्ति योजना के अंतर्गत शासकीय सेवकों के दिवंगत होने पर उनके आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की जाती है.**



उन्होंने कहा कि आप सभी अपने कर्तव्यों का पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निर्वहन करें, अपने परिवार की अच्छी तरह देखभाल करें. सरकार पूरी तरह आपके साथ है. गत वर्षों में जल संसाधन विभाग द्वारा 324 अभ्यर्थियों को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की गयी है. आज कुल 28 अभ्यर्थियों को नियुक्ति-पत्र प्रदान किए गए हैं. जल संसाधन मंत्री सिलावट ने गुरुवार को अपने निवास कार्यालय पर जल संसाधन विभाग में दिवंगत शासकीय सेवकों के आश्रित परिजनों को अनुकंपा नियुक्ति-पत्र प्रदान किए और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की. इस अवसर पर अधीक्षण यंत्री आशीष महाजन सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे.

### इन्हें भी मिली अनुकंपा नियुक्ति







जल संसाधन विभाग में आज जिन्हें अनुकंपा नियुक्ति दी गई है वे हैं सत्येन्द्र तमोलिया, अभिमन्यु खरे, वंश डंडोतिया, अभिषेक बर्मन, अवनीश पाण्डेय, धीरज कुमार पाण्डेय, शैलेन्द्र कुमार सेन, कार्तिक कुमार सोनी, विवेक कोरी, सिद्धार्थ सिंह चौहान, जुबेर खान, सपना कटरे, कु. सलोनी डोंगरे, राहुल चौधरी, संध्या वर्मा, गगनदीप प्रजापति, उदित कुमार दुबे, कुलदीप शर्मा, शुभ संगीत त्रिवेदी, सौरभ सोलंकी, दारा सिंह केवट, मनोज कुमार झारिया, सीमा दादोरिया, पवन कुमार नंदा, सुरेन्द्र भाबोर, अवनीश कुमार तिवारी, शांतिलाल और संतिया उईके आदि.